# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक :रू.वि./प0नि0का0/2026/1400-08 दिनांकः-16.09.2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 के स्नातक/परास्नातक स्तर पर सम/विषम सेमेस्टर एवं वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के अधिकांश पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दिये गये है/किये जा रहे है। कतिपय महाविद्यालयों के द्वारा आन्तरिक/बाह्य प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड किये नहीं जाने एवं निम्न उल्लिखित कारणों से छात्रों के परीक्षाफल आर0डी0/अपूर्ण/पेडिंग दर्शा रहे है।

1- RD-Enrollment
2- RD-Previous Detail
3- RD- Internal/External Marks Pending
4- RD- All Marksheet Required
5- RD-Wrong Paper Selection
6- RD-Duration
7- RD-Migration

आपके द्वारा सम्बन्धित छात्रों को परीक्षाफल पूर्ण/घोषित किये जाने हेतु सीधे विश्वविद्यालय भेजा जा रहा है, जिस कारण संबंधित छात्र अनावश्यक रूप से परेशान होते है तथा उनका समय नष्ट होता है, जोकि सर्वथा अनुचित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त समस्याओं का निराकरण कराये जाने हेतु संबंधित छात्रों से प्रार्थनापत्र (आवश्यक दस्तावेजों/पत्राजात सहित) एकत्र कर, महाविद्यालय प्रतिनिधि के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। आपके महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रार्थनापत्रों पर संबंधित विभाग/अनुभाग द्वारा नियमानुसार निस्तारित कर महाविद्यालय को सूचित किया जायेगा। तदोपरान्त छात्र/छात्राये संबंधित महाविद्यालय से सम्पर्क कर आख्या प्राप्त कर सकेंगे।

भवदीय
16.9.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
2. समन्वयक, समर्थ पोर्टल।
3. उप-कुलसचिव (गोपनीय)।
4. मीडिया प्रभारी।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
7. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
8. वै0 सहायक, कुलसचिव।

16.9.26
परीक्षा नियंत्रक